हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 8 अप्रैल 2024
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]



4 मेडिकल कॉलेज के मेन गेट पर बढ़ रहा अतिक्रमण, सड़क ...




# कांग्रेस डूबता हुआ जहाज है: विष्णु देव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- पीएम मोदी भारत को विश्व गुरू बनाने दिन में 18 घंटे से अधिक काम कर रहे हैं: सीएम

कुनकुरी में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होने के लिए पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि 80 के दशक में कांग्रेस के नेता संसद में भाजपा के कम सांसद होने पर तंज कसा करते थे। अब वहीं कांग्रेस 40 में सिमट कर रह गई है।

आसन्न लोकसभा चुनाव में जनता कांग्रेस को कहां और किस हाल में बैठाएगी यह हम सब देखेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लेकर नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता चरण दास महंत द्वारा दिए गए बयान पर आक्रामक तेवर दिखाते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री देश के विकास और भारत को विश्व गुरू बनाने के लिए दिन में 18 घंटे से अधिक काम कर रहे हैं। ऐसे समर्पित व्यक्ति के प्रति कांग्रेसी आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग कर रहें हैं। देश और प्रदेश के मतदाता, कांग्रेस को इसका जवाब अवश्य देंगे। आगे उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी में भारी बिखराव है, कांग्रेस डूबता हुआ जहाज है। उनके नेता और कार्यकर्ता पार्टी छोड़कर भाजपा ⏭ शेष पेज 4 पर



मुख्यमंत्री का स्वागत करते भाजपाई।

## विस स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में सीएम हुए शामिल

**पत्थलगांव।** पत्थलगांव विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सीएम बनने के बाद पत्थलगांव पहली बार पहुंचे। सेंट जेवियर्स इंग्लिश मीडियम स्कूल के म्युजिकल बैंड से मुख्यमंत्री का स्वागत किया गया। विधानसभा स्तरीय भाजपा सम्मेलन के मंच पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ पत्नी कौशल्या साय भी उपस्थित थी। मंच में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री को माला पहना कर स्वागत किया गया। प्रबल प्रताप सिंह ने कहा कि मेरे पिता ने छतीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनाने अपनी मूंछ को दांव में लगा दिया था। तब आप सभी ने हमें भरपूर प्यार दिया था जिसका मैं जीवन भर कृतज्ञ रहूंगा। हमारे बीच जमीन से निकल कर आज



मुख्यमंत्री जैसे प्रमुख पद पर विष्णुदेव साय आसीन है। जो हर तबके के ख्याल रख रहे है। सबका साथ सबका विकास केंद्र के वादे को निभा रहे है। विधायक गोमती साय ने कहा कि मुझे विधानसभा में आप सभी ने भरपूर प्यार दिया है। और अब फिर से हमारे विधानसभा से राधेश्याम राठिया को ज्यादा से ज्यादा वोट देकर दिल्ली भेजना है।विधानसभा स्तरीय भाजपा सम्मेलन के मंच पर मुख्यमंत्री के साथ रायगढ़ लोकसभा प्रत्याशी राधेश्याम राठिया, विधायक श्रीमती गोमती साय, लोकसभा प्रभारी प्रबोध मिंज, प्रदेश ⏭ शेष पेज 4 पर







मवेशियों के साथ दल के सदस्य।

## दो मवेशी तस्कर पकड़े गए, भेजा गया जेल

**जशपुरनगर।** मवेशी तस्करी कर रहे 2 तस्करों को पकड़ने बजरंग दल को सफलता मिली है। पकड़े गए दोनों आरोपियों को पुलिस के हवाले किया गया है। पुलिस आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर कार्रवाई में जुटी है।

नारायणपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हस्तिनापुर में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने उमेश यादव और अशोक नगेशिया को मवेशी तस्करी करते पकडा। उमेश यादव और अशोक नगेशिया 26 मवेशियों को लेकर टोप्पो बागान से गुजर रहे हैं। सूचना मिलते ही बजरंग दल के कार्यकर्ता और ग्रामीण तत्काल मौके पर पहुंचे और यहां उमेश यादव संग अशोक नगेशिया को पकड़ा। जिसकी जानकारी नारायणपुर पुलिस को दी गई। पुलिस दोनों आरोपियों को से पूछताछ शुरू किया। पूछताछ में आरोपियों ने मवेशी तस्करी करना स्वीकार करते हुए मवेशियों को झारखंड के गोविंदपुर ले जाने का बात कही। जिसके बाद नारायणपुर पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार कर विवेचना में जुट गई है।

## हिंदी साहित्य सम्मेलन में जुटे प्रदेश भर से हिंदी प्रेमी



**जशपुरनगर।** सशिमं विद्यालय के सभागार में आयोजित हिंदी साहित्य सम्मेलन में दूरदराज से आए कवियों के कविता पाठ से गूंजता रहा। सम्मेलन में उपस्थित हिंदी भाषा के विद्वानों द्वारा हिंदी की महत्ता और संविधान में दिए गए राष्ट्र भाषा के सम्मान को बढ़ाने आमजन से अपिल की जशपुर के युवा कवि राजेंद्र प्रेमी ने राष्ट्रभाषा हिंदी को बचाने के व इसके सम्मान एवम संवर्धन के लिए अपने कविता के माध्यम से अपील करते हुए उन्होंने कहा हिंद देश के हम रहवासी, हिंदी हमारी भाषा है। आओ मिलकर इसे बचाएं,हम सब की अभिलाषा है"। कार्यक्रम में लोदम से आए गीतकार व पर्यावरण प्रेमी पारस नाथ जायसवाल ने अपने गीतों से समा बांधा। समारोह में हिंदी के विकाश और उन्नयन के लिए किए जा रहे प्रयास के लिए साहित्यकार, कवि, शिक्षक, और पत्रकारों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवेंद्र राव देशमुख, अध्यक्ष सुनील कुमार जायसवाल, विशिष्ट अतिथि बालाराम गुप्ता रहे। कार्यक्रम के संयोजक डॉ रवींद्र वर्मा अध्यक्ष अंकभरती ने बताया की इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के कई जिलों से हिंदी प्रेमी इसके विकास, सुरक्षा व संवर्धन के लिए आए है।

## भीषण गर्मी के बीच बदला मौसम का मिजाज

**जशपुर।** भीषण गर्मी बीच मौसम का मिजाज बदला हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिम विक्षोभ मध्य विक्षोभ मंडल में 55 डिग्री पूर्व तथा 30 डिग्री उत्तर में 5.8 किलोमीटर पर है। जिसके कारण अचानक मौसम में बदलाव आया है। अचानक बदले मौसम के कारण तापमान में लगभग 3 से 5 डिग्री की गिरावट आई है। जिले में कुछ जगहों पर बूंदा बांदी की भी खबर है। बदलते मौसम ने गर्मी में भी सर्दी का अहसास करवा रहा है। गर्मी के धान में बालियां आने लगी है। कही कही तो फसल पक कर काटने की स्थिति में है अगर बारिश आती है तो पकी फसल भीग कर बर्बाद हो जाएगी। इसी तरह बालियां लगी फसल में कीड़े लग सकते है। जिससे किसानों को नुकसान हो सकता है।



## विद्युत खम्बे को कार ने मारी टक्कर पांच घण्टे बाधित रही बिजली



**कोतबा।** रविवार दोपहर को तेज रफ्तार कार ने विद्युत खम्बे को टक्कर मार दी। घटना में नगर के वार्ड 2 अघरिया पारा के मुख्यमार्ग पर बागबहार की ओर आ रही कार क्रमांक CG13 AW 8512 ने विद्युत पोल को जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे विद्युत पोल धराशायी होकर गिर गया। इस घटना में किराना दुकानदार बाल बाल बचे। दुर्घटनाकारित कार लैलूंगा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मुकड़ेगा निवासी ललित ⏭ शेष पेज 4 पर




फिल्म इवेंट

हॉलीवुड

## 'डॉक्टर हू' का धमाकेदार ट्रेलर जारी, किरदारों से भी उठा पर्दा

'डॉक्टर हू' के अगले सीजन का आधिकारिक ट्रेलर जारी हो गया है। दो मिनट के ट्रेलर में, हम डॉक्टर और उसके साथी, रूबी संडे (मिल्ली गिब्सन) को डायनासोर के



युग से लेकर ब्रिजर्टन जैसे प्रसंग तक, 1960 के दशक के समय और स्थान की यात्रा करते हुए देखते हैं। हमें यह भी संकेत मिलते हैं कि रूबी का जीवन खतरे में होगा और तारदिस उस पर काई उगने के लिए काफी समय तक कहीं फंसा रह सकता है। 'डॉक्टर हू' का आगामी सीजन डॉक्टर और उसके साथी रूबी संडे का अनुसरण करता है, क्योंकि वे इंग्लैंड में रीजेंसी युग से लेकर युद्धग्रस्त भविष्य की दुनिया तक के रोमांच के साथ समय और स्थान की यात्रा करते हैं। इस दौरान उनका सामना अविश्वसनीय दोस्तों और खतरनाक दुश्मनों से होता है, जिसमें एक भयानक बोगीमैन और डॉक्टर का अब तक का सबसे शक्तिशाली दुश्मन भी शामिल है। ट्रेलर में इंदिरा वर्मा (गेम ऑफ थ्रोन्स) के किरदार, डचेस की पहली झलक दिखाई गई है, और यह घोषणा की गई है कि कैली कुक (हेनपोकैलिप्स) आगामी सीजन में दिखाई देंगी। पूरे ट्रेलर में अतिरिक्त अतिथि कलाकारों को दिखाया गया है जिनमें अनीता डॉब्सन, यास्मीन फिन्नी, मिशेल ग्रीनिज, बोनी लैंगफोर्ड, जिंक्स मॉनसून, जेम्मा रेडग्रेव, लेनी रश और एंजेला विंटर शामिल हैं।

रसेल टी डेविस शोरनर, 'डॉक्टर हू' के आगामी सीजन के कार्यकारी निर्माता और लेखक हैं। अतिरिक्त कार्यकारी निर्माताओं में फिल कोलिन्सन, जोएल कोलिन्स, जूली गार्डनर और जेन ट्रैंटर शामिल हैं।

टॉलीवुड

## मलयालम सिनेमा में पृथ्वीराज का हुआ धरतीपकड़ धमाका

पृथ्वीराज सुकुमारन साउथ से सबसे उम्दा अभिनेताओं में से एक हैं। सलार के बाद उनकी फिल्म द



गोट लाइफ रिलीज हो चुकी है। इस सर्वाइवल ड्रामा फिल्म को लोगों का भरपूर प्यार मिल रहा है। फिल्म में अपनी शानदार अदाकारी के लिए पृथ्वीराज जमकर प्रशंसा बटोर रहे हैं। बॉक्स ऑफिस पर भी फिल्म को तगड़ा रिस्पॉन्स मिला है। ब्लेसी के निर्देशन में बनी यह फिल्म देश के साथ विदेश में भी जमकर कमाई कर रही है। पहले वीकएंड पर गॉडजिला x कॉन्ग और क्रू का दिखा दबदबा, अन्य फिल्मों का

प्रसिद्ध मलयालम उपन्यास आदुजीविथम पर आधारित यह फिल्म अमेरिकी बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कमाई कर रही है। द गोट लाइफ यूएसए बॉक्स ऑफिस पर मिलियन-डॉलर का आंकड़ा पार करने वाली सबसे तेज मलयालम फिल्म बन गई है। पहले ही फिल्म ने ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर तीन दिनों में 50 करोड़ की कमाई कर ली है। ताजा आंकड़ों के अनुसार, फिल्म ने अपने कलेक्शन में 15 करोड़ और जोड़ लिए हैं, जिससे पहले सप्ताहांत में इसकी कुल कमाई 65 करोड़ हो गई है। यह किसी भी मलयालम सिनेमा के लिए अब तक का सबसे अधिक ओपनिंग वीकेंड कलेक्शन है। पिछला रिकॉर्ड मोहनलाल की लूसिफर के नाम था। दिलचस्प बात यह है कि पृथ्वीराज सुकुमारन ने इस फिल्म का निर्देशन किया था। द गोट लाइफ का निर्माण जिमी जीन-लुई ने किया है। इस फिल्म में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका भी निभाई है। माना जा रहा है कि अगर यह फिल्म पहले वीकएंड के बाद अच्छी कमाई करती है तो तो यह फिल्म 200 करोड़ का आंकड़ा भी पार कर सकती है।

वर्क फ्रंट की बात करें तो गोट लाइफ के बाद पृथ्वीराज हिंदी फिल्म बड़े मियां छोटे मियां में नजर आने वाले हैं। फिल्म में वे नकारात्मक भूमिका में दिखेगे। इस फिल्म में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ मुख्य भूमिकाओं मे हैं। अली अब्बास जफर के निर्देशन में बनी यह फिल्म 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है।

भोजपुरी

## राजनीति और संगीत से संन्यास गुस्साए स्टार पवन सिंह ?

भोजपुरी इंडस्ट्री के सुपरस्टार पवन सिंह ने अपने करियर में खूब नाम कमाया है। उनकी फिल्मों और गानों को देखना लोग खूब पसंद करते हैं। पवन सिंह ने हाल ही



में सोशल मीडिया के जरिए बताया है कि आखिर कैसे इंडस्ट्री में उन्हें बदनाम करने की साजिश रची जाती है। भोजपुरी फिल्मों में अपनी सिंगिंग और एक्टिंग से सभी को इंप्रेस करने वाले एक्टर पवन सिंह का साउथ में जलवा ही अलग है। लेकिन कहा जाता है कि एक्टर के जितने चाहनेवाले हैं उतने ही उनके दुश्मन भी इंडस्ट्री में हैं। पवन सिंह के कंसर्ट्स सबसे ज्यादा होते हैं और पवन सिंह के ही कंसर्ट्स में सबसे ज्यादा बवाल होता है। उनपर अक्सर अपने गानों के जरिए अश्लीलता फैलाने का आरोप लगता रहता था। अब पवन सिंह ने सोशल मीडिया पर कुछ स्क्रीनशॉट्स शेयर किए हैं और उन्होंने बताया है कि कैसे उन्हें बदनाम किया जाता है। एक्स (ट्विटर) पर पवन सिंह ने यूट्यूब पर अपने कुछ गानों के थम्बनेल्स शेयर किए हैं। इसमें उन्होंने सिंगर-पॉलिटिक्स बाबुल सुप्रियो पर निशाना साधा है। उन्होंने लिखा- आपने चार गाने का जो पोस्टर पोस्ट किया है, अगर ये चारों पोस्टर, गाने को सही साबित कर देते हैं तो मैं राजनीति और संगीत दोनों से सन्यास ले लूंगा नहीं तो आप पवन सिंह ने इसी क्रम में नेता और सिंगर बाबुल सुप्रियो को भी अपने घेरे में ले लिया और उनका नाम टैग करते हुए उन्हें भी दो टूक सुनाई।

स्पेस का फैशन

धरती पर तो फैशन के हर आयाम में डिजाइनर अपने कलेक्शन पेश करते हैं। लेकिन पिछले दिनों पेरिस फैशन वीक में डिजाइनरों ने स्पेस थीम पर अपने कलेक्शन प्रदर्शित किए। इसके लिए बाकायदा स्पेस का माहौल बनाया गया और मॉडल को उसी के अनुरूप रैम्प पर उतारा गया। इन अनूठे प्रयोग की दर्शकों ने भरपूर सराहना की।



लाइफ

## रसोई की इन चीजों से हटाएं अपर लिप्स के बाल

महिलाएं अपर लिप्स पर आए अनचाहे छोटे बालों से छुटकारा पाने के लिए पार्लर जाती हैं और हेयर रिमूवल क्रीम, थ्रेडिंग, ब्लीच, वैक्सिंग या अन्य कई तरीके अपनाती हैं। हालांकि यह स्थाई तरीका नहीं है, कुछ दिन बार फिर चेहरे पर बाल नजर आने लगते हैं। कई बार तो महिलाओं के कामकाज में व्यस्तता के कारण पार्लर जाने का समय नहीं मिल पाता। ऐसे में आप घर पर ही अपर लिप्स के बाल आसानी से हटा सकती हैं।

यहां अपर लिप्स के बालों से छुटकारा पाने के कुछ घरेलू उपाय बताए जा रहे हैं। किचन में इस्तेमाल होने वाली चीजों से अपर लिप्स के बालों से छुटकारा पाया जा सकता है।

**आलू का रसः** अनचाहे बालों से चेहरे की खूबसूरती को कम होने से बचाने के लिए ब्लीचिंग क्रीम के तौर पर आलू के रस का उपयोग करें। आलू को काटकर मिक्सी में पीस लें। इस पेस्ट को कपड़े में डालकर अच्छी तरह से निचोड़कर रस निकाल लें। रात में सोने से पहले आलू का रस लगाएं और रात भर लगा रहने दें। सुबह चेहरा धो लें। इस प्रक्रिया को कम से कम तीन बार दोहराएं।

**आटा, हल्दी और दूधः** अनचाहे बालों को हटाने के लिए एक बड़ा चम्मच गेहूं का आटा, एक चम्मच कच्चा दूध और चुटकी भर हल्दी को मिलाकर उबटन बना लें। इसे अपर लिप्स पर लगाकर सूखने दें। बाद में पानी से धो लें। इस पैक को हफ्ते में तीन-चार तीन दोहराएं।

**दूध और हल्दीः** दूध और हल्दी बहुत काम के होते हैं। एक चम्मच दूध में एक चम्मच हल्दी मिलाकर पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को अप्पर लिप्स पर लगाकर सूखने दें। फिर ठंडे पानी से धो लें। ऐसा हफ्ते में तीन बार करें। इससे अपर लिप्स पर बाल नहीं नजर आते हैं और त्वचा साफ व चमकदार दिखने लगती है।



**चीनीः** अपर लिप्स के बालों को हटाने के लिए चीनी का उपयोग कर सकते हैं। पैन में एक बड़ा चम्मच चीनी और नींबू का रस मिलाकर गाढ़ी होने तक चलाएं। अब इसे अपर लिप्स पर लगा लें। ध्यान रखें कि यह बहुत अधिक गर्म न हो। 15 मिनट तक अपर लिप्स पर चीनी का पेस्ट सूखने दें, फिर पानी से धो लें। हर दूसरे दिन इसे लगा सकते हैं।

## ईद पर पहननी है साड़ी तो देखें इन अभिनेत्रियों का कलेक्शन



फैशन

रमजान खत्म होने वाले हैं और ईद का त्योहार आने वाला है। ईद इस्लाम धर्म का प्रमुख पर्व है। ईद उल फितर को 'चांद रात' भी कहा जाता है। यह त्योहार रमजान महीने के अंत में आता है, जो कि मुस्लिमों के लिए अत्यंत पवित्र माह है। रमजान में रोजा रखकर और अल्लाह की इबादत करके मानवता और सच्चाई का प्रसार किया जाता है। ईद लोगों को एक साथ लाता है। इस दिन लोग एक दूसरे से मिलते हैं। लजीज पकवानों का स्वाद चखते हैं और मिलकर त्यौहार मनाते हैं। इस मौके पर बच्चे से लेकर बड़े तक सभी नए और सुंदर कपड़े पहनकर तैयार होते हैं।



महिलाएं ईद के मौके पर सुंदर और आकर्षक दिखने के लिए साड़ी पहन सकती हैं। यहां ईद के लिए अभिनेत्रियों की कुछ लेटेस्ट साड़ी डिजाइन दिए जा रहे हैं। इस तरह की साड़ियां ईद पर आप पर भी बेहद जचेंगी और हर किसी की नजर आपके ऊपर टिक जाएगी।



आलिया भट्ट का साड़ी कलेक्शन बेहद खूबसूरत है। वैसे तो अभिनेत्री अधिकतर वेस्टर्न आउटफिट में नजर आती हैं लेकिन किसी इवेंट या फिल्म प्रमोशन के दौरान आलिया भट्ट की खूबसूरत साड़ियों का कलेक्शन देखने को मिलता है। आलिया की यह पीली साड़ी त्योहार के मौके पर काफी सुंदर लुक दे सकती है। ईद पर नेट एम्ब्रायडरी वाली इस साड़ी से खुद को स्टाइल कर सकती हैं।

हल्की और सिंपल स्टाइल साड़ी में क्लासी लुक चाहिए तो पूजा हेगड़े की इस साड़ी से कुछ आइडिया ले सकते हैं। गर्मी का मौसम है, ऐसे में इस तरह के रंगों का चयन आंखों को सुकून देने वाला और सहज होगा। कलर के साथ ही साड़ी के प्रिंट का चयन भी अपने बॉडी शेप के मुताबिक करें।

## 15 मिनट में घर पर करें नेल आर्ट हाथों के नाखून दिखेंगे सुंदर

हम सभी चाहते हैं हमारे हाथ और नाखून सुंदर नजर आएं। आप चाहें तो इन्हें घर पर भी कर सकती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि कई सारे डिजाइन होते हैं जो 15 मिनट में बन जाते हैं। जानते हैं किन डिजाइन को आप ट्राई कर सकती हैं।



### ग्लिटर नेल आर्ट

अगर आपको नए डिजाइन से नेल आर्ट करनी है तो इसके लिए आप ग्लिटर नेल आर्ट करा सकती हैं। यह 15 मिनट में जो जाती है। इसके लिए आपको एक टेप लेनी है। इसके बाद इसे अपने नाखूनों पर तिकोना करके लगानी है। फिर इसके एक तरह मैट कलर को इस्तेमाल करना है और दूसरी तरफ ग्लिटर कलर को लगाना है। इस तरीके से आपका नेल आर्ट हो जाएगा।

### सिंपल नेल आर्ट

अगर आप किसी पार्टी में जानें के लिए लेट हो रही हैं और नेल आर्ट कराने का समय नहीं मिला है तो ऐसे में आप घर पर इसे 15 मिनट में कर सकतीहैं। इसके लिए आपको दो अलग-अलग कलर लेने हैं। इसके बाद 3 उंगली के नाखूनों पर एक कलर को लगाना है और 2 पर किसी और कलर को लगाना है। आप चाहें तो एक बीच में लाइन खींचकर साइड में दूसरे कलर का इस्तेमाल भी कर सकती हैं। साथ में एक पतली स्टिक की मदद से जिक जैक पैटर्न क्रिएट कर सकती हैं। इस तरीके से आप घर पर ही नेल आर्ट कर सकती हैं।

### फ्रेंच नेल आर्ट


नेल आर्ट में काफी सारे डिजाइन आपको स्टूडियो में देखने को मिल जाएंगे। लेकिन इन्हें कराने से पहले जब रेट पूछते हैं तो करने का मन नहीं करता है। ऐसे में आप इस डिजाइन को टेप और अलग कलर की नेल पेंट की मदद से घर पर ही कर सकती हैं। इसके लिए आपको टेप को ट्राइएंगल डिजाइन में नाखूनों के आगे वाले हिस्से में लगाना है।

## इस नवरात्रि हाथों पर खूब जचेंगे लाल-हरी चूड़ियों के ये नए सेट

चैत्र नवरात्रि आने वाली हैं और इस मौके पर हाथों की खूबसूरती को बढ़ाने के लिए आप लाल-हरे रंग की चूड़ियों को हथेली पर सजा सकती हैं। देखते हैं इनके कुछ नए और खूबसूरत डिजाइंस। साथ ही, बताएंगे इन चूड़ियों के सेट बनाने के कुछ आसान टिप्स-

**गोल्डन और ग्रीन चूड़ी डिजाइन :** गोल्डन के साथ वैसे तो कई अलग-अलग रंगों की चूड़ियों को पहना जा सकता है। नवरात्रि के लिए ग्रीन कलर लगभग सब तरह के कपड़ों के साथ खूबसूरत लुक देने में मदद करता है। वहीं इनके साथ आप पतली वाली गोल्डन कलर की चूड़ियों को मिलाकर सेट बना सकती हैं। साथ ही, फैंसी लुक के लिए आप कंगन भी शामिल कर सकती हैं।

**लाल और पीली चूड़ी डिजाइन :** लाल के साथ हरे रंग के आलावा पीला रंग भी काफी खूबसूरत कलर कंट्रास्ट बनाने में मदद करता है। इस तरह में आप चाहे तो हरे रंग को भी शामिल कर सकती हैं। इन तीनों रंगों को मिलाकर चूड़ी का सेट बना सकती हैं। साथ ही बीच में चौड़े साइज का कंगन भी आप पहन सकती हैं। इसमें आपको मिरर वर्क और स्टोन डिजाइन के अलावा ग्लिटर में भी चूड़ियों और कंगन के काफी डिजाइंस मिल जाएंगे।



**मिरर वर्क चूड़ी डिजाइन सेटः** मिरर वर्क को आजकल काफी पसंद किया जा रहा है। फैंसी और हैवी डिजाइन की चूड़ियों को आप प्लेन कपड़ों के साथ में पहन सकती हैं। इसमें आप चाहे तो कपड़ों के कलर के हिसाब से अलग-अलग रंग भी चुन सकती हैं।

कार्नर न्यूज

आत्मविश्वास, आराम और बेहतरीन लुक आपको मिलेगा ड्रेसिंग टिप्स अपनाने से

## जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग के लिए अपनाएं जरूरी टिप्स, स्टाइलिश और मिनिमल लुक पाइए

आप जब भी बाहर निकलते होंगे तो ड्रेसिंग से आपको भी यही चाहिए होता होगा। है न...यही सब कुछ महिलाओं को अपने फैशन स्टाइल से भी चाहिए होता है। लेकिन बात ऐसे फैशन की हो जो न सिर्फ पुरुषों के लिए हो और न ही सिर्फ महिलाओं के लिए बल्कि ये तो ऐसा फैशन हो जो जेंडर न्यूट्रल हो। तो क्या होगा...तो भी आत्मविश्वास, आराम और बेहतरीन लुक बराबर मिलेगा। पक्की बात है, मगर कुछ खास टिप्स आजमाने के बाद।

जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग ऐसी होती है जो किसी एक जेंडर को नहीं दिखाती है। बल्कि इसे किसी भी जेंडर के फैशन में शामिल किया जा सकता है। इसको आजमाने का आपने भी इरादा किया है तो खास टिप्स जान लीजिए।



**सफेद शर्ट सबकी फेवरेटः** सफेद शर्ट के साथ जींस आपने कई बार पहनी होगी। लेकिन क्या कभी सोचा है कि ये लुक जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग का ही हिस्सा है। सफेद शर्ट किसी भी बॉटम पर चल जाती है और अच्छी भी सभी पर लगती है। अगर आपको थोड़ा स्टाइलिश लगना है तो इसके ऊपर के दो चार बटन खोले भी जा सकते हैं।

**जेंडर न्यूट्रल एसेसरीजः** जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग के लिए आप एसेसरीज का सहारा भी ले सकते हैं। ये वो एसेसरीज हैं जो किसी भी जेंडर की ड्रेसिंग में आराम से शामिल हो जाते है। इन एसेसरीज में सस्पेंडर, बेसबॉल कैप, स्कार्फ, बेल्ट, जैकेट के लिए पिन, टाई और सनग्लासेस को पहचान लीजिए।

**ब्लेजर हैं बेस्टः** ब्लेजर ऐसा पहनावा हैं जो किसी भी ड्रेसिंग में आराम से शामिल हो जाते हैं। ये किसी भी लुक को बेहतर करने में मदद भी करते हैं। इसलिए अगर आप जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग कर रहे हैं तो एक अच्छा डार्क कलर का ब्लेजर आप पर बहुत अच्छा लगेगा।

**डबल स्लीव्स वाला फैशनः** कुछ साल पहले तक ये फैशन काफी इन था। इसमें फुल स्लीव की टीशर्ट के ऊपर हाफ स्लीव टी शर्ट पहनी जाती थी। इसके साथ कार्गो का ढीला ढाला लुक काफी अच्छा लगता था।

ये पूरा लुक भी जेंडर न्यूट्रल लुक है। इसको आप पहनिए और जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग अपनाइए। इसमें कोशिश कीजिए दोनों में से एक टी शर्ट डार्क कलर की तो एक टी शर्ट हलके रंग की हो। नीचे वाली हलके रंग में अच्छी लगेगी।



7- APR-Jash-RAGH-CORIY- JANJ-Bhoomi pg-3_Layout 1 4/7/2024 7:52 PM Page 1





# रामायण के सेट से तस्वीरें लीक, मोबाइल पर लगा बैन

**मुंबई।** फिल्म रामायण के सेट से लगातार तस्वीरें लीक हो रही हैं। इन सभी बातों से डायरेक्टर नितेश तिवारी काफी अपसेट हैं। सबसे पहले फिल्म रामायण के सेट की इंटरनेट पर तस्वीरें लीक हुईं। अब सोशल मीडिया पर दशरथ बने अरुण गोविल और कैकयी बनीं लारा दत्ता का लुक रिवील हो गया है। लंबी दाढ़ी और बालों में अरुण गोविल को पहचान पाना मुश्किल है। यूं स्टार्स की फोटोज लीक होने से मेकर्स काफी परेशान हैं। इसलिए अब डायरेक्टर नितेश तिवारी ने अहम फैसला लिया है। सूत्र के हवाले से बताया कि सेट पर नो फोन पॉलिसी लागू की गई है।

## लाइफ Style

# अदा

## मैं एक प्राइवेट पर्सन हूं



बॉलीवुड एक्ट्रेस अदा शर्मा पिछले दिनों द केरल स्टोरी को लेकर खूब चर्चा में रहीं। इसके बाद अदा 'बस्तरः द नक्सल स्टोरी' में भी नजर आईं। लेकिन, फिल्म को द केरल स्टोरी की तरह सफलता नहीं मिल पाई। पिछले दिनों अदा एक और वजह से चर्चा में थीं। अभिनेत्री कुछ समय पहले दिवंगत बॉलीवुड एक्टर सुशांत सिंह राजपूत के मुंबई वाले अपार्टमेंट के बाहर नजर आई थीं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

एक्ट्रेस को सुशांत सिंह राजपूत के अपार्टमेंट के बाहर देखे जाने के बाद ऐसी चर्चा होने लगी कि अभिनेत्री अभिनेता के अपार्टमेंट को या तो खरीदने वाली हैं या फिर यहां वह किराये से रहेंगी। हालांकि, अब तक अदा ने इन खबरों पर चुप्पी साध रखी थी। एक इंटरव्यू में अदा शर्मा ने सुशांत सिंह राजपूत के अपार्टमेंट के बाहर खुद को देखे जाने पर रिएक्शन देते हुए कहा, फिलहाल मैं बस यही कहना चाहूंगी कि मैं सभी के दिलों में रहती हूं। बोलने का एक सही समय होता है। जब मैं वह जगह देखने गई थी तो मीडिया का ध्यान देखकर हैरान रह गई थी। मैं एक प्राइवेट पर्सन हूं। मुझे अपनी फिल्मों के लिए लोगों की नजरों में रहना पसंद है, लेकिन मैं हमेशा ही अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर प्राइवेट रही हूं। मैं अपनी प्राइवेसी की रक्षा करती हूं।


अदा ने आगे कहा, 'मुझे लोगों का ढीले-ढाले कमेंट करना पसंद नहीं है मुझे यह पसंद नहीं आया। मैंने उनके बारे में कुछ कमेंट पढ़े। मेरा मतलब है, आप मुझे ट्रोल कर सकते हैं, लेकिन किसी ऐसे व्यक्ति को ट्रोल न करें जो वहां मौजूद नहीं है या जिसके बारे में बोलने के लिए कोई नहीं है। मैं जल्द ही इस बारे में बोलूंगी कि मैं कहां रहती हूं, लेकिन अभी मैं लाखों लोगों के दिलों में रह रही हूं, वो भी बिना किराये के।

## फिल्मी मसाला



# खरीदा 500 करोड़ का घर...


**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड की लिस्ट जोड़ी जेनिफर लोपेज और बेन एफ्लेक इन दिनों न्यूयॉर्क में घर की तलाश में व्यस्त हैं। हालांकि, अगर हम उनके लॉस एंजेलिस वाले घर की बात करें तो उन्होंने इसे हमारे देश के सबसे अमीर बिजनेसमैन की लिस्ट में शामिल मुकेश अंबानी की बेटी ईशा अंबानी और आनंद पीरामल से खरीदा था। जेनिफर और बेन ने पिछले साल जून में ईशा से यह घर खरीदा था। बेवर्ली हिल्स के ठीक बीच में स्थित यह आलीशान बंगला 38,000 वर्ग फुट में फैला हुआ है।





# दो और दो प्यार का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** अपनी आखिरी प्रदर्शित फिल्म नीयत में अपनी भूमिका से दर्शकों को प्रभावित करने वाली विद्या बालन इन दिनों अपनी अगली प्रदर्शित होने वाली फिल्म दो और दो प्यार को लेकर खासी चर्चाओं में हैं। इस फिल्म में वे प्रतीक गांधी के साथ दिखाई देंगी, जो हाल ही में प्रदर्शित हुई मडगांव एक्सप्रेस में नजर आए थे। रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म 'दो और दो प्यार' का ट्रेलर जारी हो चुका है। विद्या बालन, प्रतीक गांधी, इलियाना डिक्रूज और सेंथिल राममूर्ति अभिनीत फिल्म रोमांस की नई परिभाषा सिखाएगी। फिल्म का ट्रेलर कॉमेडी, इमोशन और रोमांटिक ट्विस्ट के साथ काफी दिलचस्प लग रहा है। ट्रेलर में दर्शक दो विवाहित जोड़ों की झलक देखते हैं, जो अपने रिश्तों में फिर से चिंगारी जगाने की कोशिश कर रहे हैं।



# 14 साल बाद हुआ फरदीन खान का कमबैक

**मुंबई।** फरदीन खान जहां 'हीरामंडीः द डायमंड बाज़ार' के जरिए 14 साल बाद एक्टिंग की दुनिया में कदम रख रहे हैं। वहीं, रियल लाइफ पिता-पुत्र की जोड़ी भी सीरीज में दमदार रोल निभाते हुए नजर आएंगे। उनके लुक भी फिल्म से रिवील हुए हैं। इनके अलावा एक और हीरो का लुक भी रिवील किया गया है। 'हीरामंडीः द डायमंड बाज़ार' से फरदीन का लुक रिवील किया गया है। फरदीन खान ने वली मोहम्मद का किरदार निभाया है। वली मोहम्मद एक ऐसा नवाब है, जो हीरामंडी की महिलाओं के साथ खड़ा है और उको सपोर्ट करता है। फरदीन खान ने अपने इस किरदार को लेकर एक्साइटमेंट जताई है. उन्होंने कहा कि इस तरह के किरदार के साथ अपना नेटफ्लिक्स डेब्यू करना स्क्रीन पर एकदम सही कमबैक जैसा लगता है।

# भुवन बाम की ताजा खबर 2 का टीजर जारी

मुंबई। यूट्यूबर और एक्टर भुवन बाम की हिट वेब सीरीज 'ताजा खबर' के दूसरे सीजन का टीजर रिलीज कर दिया गया है। हिमांक गौर द्वारा निर्देशित 'ताजा खबर 2' की शूटिंग शुरू हो चुकी है और इसे जल्द ही ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी+हॉटस्टार पर रिलीज किया जाएगा। 'ताजा खबर 2' के टीजर की शुरुआत भुवन बाम के किरदार वस्या से होती है, जो कहता है कि जिंदगी बड़ी अजीब है। कभी कभी मौत से शुरू होती है।

सीरीज की कहानी वंसत गावड़े उर्फ वस्या की है और भुवन बाम ने उसी का किरदार निभाया है। एक भयानक खुलासे और तनावपूर्ण रिश्तों के बीच, यह एक ऐसे व्यक्ति की कहानी है, जिसे अचानक जादुई शक्तियां मिल जाती हैं। उससे उसकी जिंदगी में भारी उथल-पुथल मच जाती है।



# एक्शन से भरपूर रुसलान का ट्रेलर लॉन्च




**मुंबई।** एक्टर आयुष शर्मा की आने वाली फिल्म 'रुसलान' का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म का टीजर और गाने पहले ही दर्शकों के बीच चर्चा का विषय बन चुके हैं। ट्रेलर रिलीज होने के बाद दर्शकों के बीच फिल्म को लेकर काफी उत्साह है। इस पावर पैक्ड एक्शन फिल्म में आयुष शर्मा का किरदार बेहद खतरनाक लग रहा है। मेकर्स ने फिल्म में एक्शन के साथ-साथ रोमांस का तड़का भी लगाया है। यह फिल्म 26 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। मेकर्स ने फिल्म में एक्शन के साथ-साथ रोमांस का तड़का भी लगाया है। ट्रेलर में आयुष शर्मा के अलावा जगपति बाबू, सुश्री मिश्रा और सुनील शेट्टी भी नजर आ रहे हैं। फिल्म में जहीर इकबाल भी अहम भूमिका में नजर आ रहे हैं। रुसलान' का निर्देशन करण ललित बुटानी ने किया है। वहीं, केके राधामोहन ने इसे प्रोड्यूस किया है। ट्रेलर से पहले मेकर्स ने फिल्म के दो गाने रिलीज किए हैं, जो लोगों को खूब पसंद आ रहे हैं।



# 48 की उम्र में जागी शादी करने की इच्छा

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस सुष्मिता सेन आखिरी बार वेब सीरीज ताली और आर्या 3 में नजर आई थीं। दोनों सीरीज से उन्होंने खूब सुर्खियां बटोरीं। इसके अलावा वह अपनी पर्सनल लाइफ (सुष्मिता सेन वेडिंग प्लान) को लेकर भी चर्चा में रहती हैं। एक्ट्रेस अपने रिलेशनशिप और बॉयफ्रेंड को लेकर काफी सुर्खियों में रहीं। वहीं फैंस को अब उनकी शादी का इंतजार है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी शादी के प्लान के बारे में बात की है। शादी करने के सवाल पर एक्ट्रेस ने कहा कि वह शादी जरूर करेंगी। उन्होंने कहा, 'यह कभी भी 'कभी नहीं' वाली स्थिति नहीं थी। चाहे जैविक घड़ी हो या समाज के नियम, ये कभी भी शादी करने का सही कारण नहीं है। जहां तक मेरी बात है तो अगर मेरे सामने वाला शख्स सही है और मेरे सभी मानकों पर खरा उतरता है तो मैं जरूर शादी करूंगी।'

पर्सनल लाइफ की बात करें तो सुष्मिता लंबे समय से रोहमन के साथ अपने रिश्ते को लेकर खबरों में हैं। इस जोड़े ने 2018 में डेटिंग शुरू की और 2021 में एक इंस्टाग्राम पोस्ट में दोनों ने अपने ब्रेकअप की घोषणा की। हालांकि वे आज भी साथ देखे जाते हैं।

# जैकलीन के किलर डांस मूव्स ने सोशल मीडिया पर लगाईं आग

**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्म एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस पहले ही अपनी खूबसूरती और एक्टिंग से दर्शकों को प्रभावित कर चुकी हैं। अब बारी है उनके कातिलाना डांस मूव्स की। हाल ही में एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस का एक हॉट वीडियो सामने आया है। इसमें एक्ट्रेस अपने हिट गाने2'यिम्मी यिम्मी' पर डांस करती नजर आ रही हैं। इस डांस वीडियो में एक्ट्रेस का इस गाने के लिए ट्रेनिंग सेशन दिखाया गया है। इसमें एक्ट्रेस अपने दो को-डांसर्स के साथ जोरदार प्रैक्टिस करती नजर आ रही थीं। सामने आए इस वीडियो में एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस व्हाइट शॉर्ट स्कर्ट और ब्लाउज के साथ 'यिम्मी यिम्मी' गाने पर डांस कर रही हैं। ये देखकर लोग हैरान रह गए।

इस वीडियो में एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस जबरदस्त डांस करती नजर आ रही हैं। उनके मूव्स ने इंटरनेट पर आते ही तहलका मचा दिया। इस वीडियो के सामने आने के बाद लोग इस पर जमकर कमेंट करते नजर आए। इस वीडियो को देखने के बाद एक यूजर ने उनकी तुलना नोरा फतेही से कर दी। तो एक यूजर ने उन्हें नोरा फतेही से बेहतर बताया है। वहीं कई यूजर्स का मानना है कि एक्ट्रेस ने नोरा फतेही को छोड़ दिया है।

# सुचित्रा ने कई अवाड्र्स को मारी थीं ठोकर

## फिल्म फ्लाप होने पर खुद को कमरे में किया नजरबंद



**मुंबई।** बॉलीवुड इंडस्ट्री की दिग्गज अभिनेत्री सुचित्रा सेन एक समय इंडस्ट्री की टॉप एक्ट्रेस थीं। देवदास में पारो का किरदार निभाकर उन्होंने दर्शकों के दिलों पर छाप छोड़ी। भले ही एक्ट्रेस अब इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन आज भी लोग उनके सदाबहार गाने गुनगुनाने से खुद को नहीं रोक पाते हैं। सुचित्रा सेन का रुतबा इंडस्ट्री में ऐसा रहा है कि जो हसीनाएं राज कपूर जैसे दिग्गज सितारों की फिल्में करने के लिए तरसती थीं, वो छोटी-छोटी बातों पर फिल्में ठुकरा देती थीं।

### कम उम्र में शादी हो गई



पहले के समय में शादी बहुत जल्दी हो जाती थी। सुचित्रा सेन की शादी भी महज 15 साल की उम्र में हो गई थी। वर्ष 1947 में उनके पिता ने उनकी शादी दिबानाथ सेन से कर दी। दिबानाथ सेन उस समय एक सफल व्यवसायी थे। शादी के ठीक एक साल बाद सुचित्रा सेन 16 साल की उम्र में एक बेटी की मां बन गईं। उनकी बेटी मुनमुन सेन थीं, जो इंडस्ट्री की मशहूर एक्ट्रेस रही हैं।

### सुचित्रा सेन का फ़िल्मी करियर

सुचित्रा सेन ने अपने करियर की शुरुआत शादी के बाद की। उन्होंने 1952 में बंगाली फिल्म 'सारे चतुर' से अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की। उनका बॉलीवुड डेब्यू 1955 में फिल्म 'देवदास' से हुआ था। इस फिल्म में पारो का किरदार निभाकर सुचित्रा रातों-रात स्टार बन गईं।

### राज कपूर का प्रस्ताव ठुकरा दिया गया

सुचित्रा सेन एक शीर्ष अभिनेत्री होने के साथ-साथ बेहद स्वाभिमानी भी थीं। उन्होंने राज कपूर की फिल्म सिर्फ इसलिए रिजेक्ट कर दी थी क्योंकि राज कपूर का झुककर फूल देने का तरीका उन्हें पसंद नहीं आया था। इसके अलावा उन्होंने दिग्गज सिनेमा निर्देशक सत्यजीत रे की फिल्म भी ठुकरा दी थी। साल 2005 में उन्हें दादा साहेब फाल्के पुरस्कार देने के लिए बुलाया गया था। सुचित्रा ने इसे भी खारिज कर दिया। वजह ये थी कि उन्हें कोलकाता से दिल्ली जाना था।

### खुद को कमरे में कैद कर लिया

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सुचित्रा सेन ने एक बार खुद को एक छोटे से कमरे में कैद कर लिया था। वह 36 साल तक कमरे में बंद रहीं। यहां तक कि उनके परिवार को भी उनसे मिलने नहीं दिया गया। दरअसल, उनकी आखिरी फिल्म 'प्रोनॉय पाश' फ्लॉप रही थी, जिससे उन्हें काफी सदमा लगा था। फेफड़ों में संक्रमण के कारण 17 जनवरी 2014 को उन्होंने दुनिया को अलविदा कह दिया। उनके निधन के बाद सुचित्रा सेन को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

7- APR-Jash-Bhoomi pg-4_Layout 1 4/7/2024 7:55 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### दो को सांप ने काटा, उपचार जारी

**रायगढ।** बीती रात एक ग्रामीण सोया हुआ था, जिसे सर्प ने डंस लियाए वहीं एक युवक को काम करने के दौरान सर्प काटने से दोनों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां दोनों की स्थिति सामान्य बताई जा रही है। उल्लेखनीय है कि पहली घटना में पुसौर थाना क्षेत्र के ग्राम नंदेली निवासी चंद्रशेखर महंत पिता करमदास महंत 54 वर्ष खेती किसानी का काम करता है। ऐसे में बुधवार की रात खाना खाने के बाद अपने कमरे में जाकर पलंग पर सो गया। इस दौरान रात करीब दो बजे उसे सर्प ने डंस लिया। जिससे दर्द होने पर उसने लाइट जलाकर देखा तो पलंग से करैत सर्प उतर रहा था। जिससे उसके शोर मचाने पर अन्य परिजन आए और उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां समय से उपचार मिलने के कारण अब उसकी तबीयत में सुधार होना बताया जा रहा है। वहीं दूसरी घटना में उत्तर प्रदेश के फिरोजपुर निवासी अनिल यादव पिता रामचंद्र यादव 22 वर्ष विगत कुछ दिनों से रायगढ़ के रामपुर में स्थित पेपर प्लांट में रहते हुए काम करता है। ऐसे में विगत दो अप्रैल को सुबह करीब 9 बजे पेपर को कटिंग करने के लिए हटा रहा था तो वहीं पर पहले से एक नाग सर्प बैठा था, जो उसके पैर में डंस लिया। ऐसे में उसके शोर मचाने पर सर्प वहां से भाग निकला, साथ ही उसके साथियों ने उसे तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचेए जहां उपचार के दौरान उसकी तबीयत में सुधार होना बताया जा रहा है।

### मीडिया अनुप्रमाणन समिति का प्रशिक्षण आयोजित



**सारंगढ़।** लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु भारत निर्वाचन आयोग के दिशा.निर्देश अनुसार आदर्श आचरण संहिता का प्रभावी क्रियान्वयन और मॉनिटरिंग के लिए जिले में गठित मीडिया सर्टिफिकेशन एवं अनुवीक्षण समिति एमसीएमसी के दलों को कलेक्टोरेट में प्रशिक्षण दिया गया। नोडल अधिकारी एमसीएमसी देवराम यादव के द्वारा इलेक्ट्रॉनिक, प्रिन्ट, रेडियो और सोशल मीडिया टीम को पैड न्यूज, फेक न्यूज, अभ्यर्थियों द्वारा मीडिया सर्टिफिकेशन एवं अनुप्रमाणन के संबंध में प्रशिक्षित किया गया। विधानसभा चुनाव के दौरान एमसीएमसी टीम कार्य किए ममता साहू, पूनम महिलाने, संजीता मिंज, अंजूलता कुजूर और देवानंद सोनी, शिवशंकर साहू पुनः लोकसभा एमसीएमसी टीम में कार्य कर रहे हैं।

### कांदागढ़ में शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का भव्य कार्यक्रम



**पुसौर।** एनटीपीसी लारा प्रभावित क्षेत्र ग्राम कांदागढ में ग्रामीण सहयोग से उक्त ग्राम के नील सागर तालाब के किनारे एक शिव मंदिर का निर्माण किया गया। जिसके प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम 1 अप्रेल से प्रारंभ हो गई है। इस संबंध में क्षेत्र के जनपद सदस्य गौरांग साव एवं सरपंच फकीर प्रधान के जानकारी के मुताबिक मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा से जुडे कार्यक्रम कुंभाभिशेक, रत्नमुद, कुंभ भराई, शुभ कलश यात्रा, कृष्ण गुरू भजन, देव स्थापना, अधिवास, गंधादिवास, मिष्ठानाधिवास, वस्त्राधिवास, संध्या आरती, कृष्ण गुरू गाहाक बाहाक, पूजा अर्चना हवन, रथयात्रा, प्राण प्रतिष्ठा, कलश ध्वजा रोहण, मंदिर प्रवेश पुर्णाहुति, सहस्त्र धारा आदि कार्यक्रम लगातार 5 अप्रेल तक चला है जहां अंतिम में अन्न प्रसाद वितरण के साथ संपूर्ण प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम संपन्न हुआ है। इसी कड़ी में इन्होंने बताया कि क्षेत्र के लोगों ने बडे उत्साह के साथ उक्त कार्यक्रम में जहां शामिल हुए वहीं आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम को लेकर भी इन्होंने अपनी पूर्ण सहभागिता निभाई। उल्लेखनीय है कि एनटीपीसी के एच आर विभाग द्वारा उक्त मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

### नपं सरिया में होर्डिंग के माध्यम से किया जा रहा मतदाता जागरूकता

**सारंगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चुनाव का पर्व देश का गर्व मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत जनसामान्य तक अन्य माध्यम से पहुंचने के लिए नगर पंचायत सरिया में होर्डिंग के माध्यम से मतदाताओं को आकर्षित किया गया। चन्द्रपुर रोड पर स्थित होर्डिंग में नागरिकों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए नारा के माध्यम से प्रेरित किया गया है। इन होर्डिंगों में छत्तीसगढ़ी में लिखा गया है हमर मतदान, लाही लोकतंत्र में जान इसी प्रकार एक अन्य में हिन्दी में लिखा गया हम युवा भविष्य हैं देश के हम मतदान अवश्य करेंगे। होर्डिंग से मतदान का प्रचार माध्यम मतदाताओं के स्वप्रेरणा की विचार को जागृत करने के लिए किया गया है, ताकि मतदाता अपने दैनिक कार्य में आते जाते इन होर्डिंग को देखकर अपने मतदाता होने के दायित्व का निर्वहन गरिमा पूर्ण ढंग से करें।

### स्वामी आत्मानंद विद्यालय सेजेस पोर्टल में एडमिशन प्रक्रिया 10 से

**रायगढ़।** राज्य शासन द्वारा जारी आदेशानुसार प्रदेश के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालयों में सत्र 2024-25 में छात्र-छात्राओं के लिए प्रवेश की प्रक्रिया सेजेस पोर्टल में 10 अप्रैल से प्रारंभ कर दी जाएगी। जिसके तहत प्रवेश हेतु आवेदन तिथि 10 अप्रैल से 5 मई 2024 निर्धारित है। इसी तरह अधिक आवेदन की स्थिति में लॉटरी के माध्यम से सीट आबंटन की कार्यवाही 5 से 10 मई तक तथा एडमिशन की अन्य आवश्यक कार्यवाही 11 से 15 मई 2024 तक की जाएगी।

सड़क पर सामान निकाल करते हैं व्यापार, दुर्घटनाओं को दे रहे न्यौता

# मेडिकल कॉलेज के मेन गेट पर बढ़ रहा अतिक्रमण, सड़क हुई सकरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

मेडिकल कॉलेज के बाहर सड़क के दोनों को लगातार ठेले गुमटियों के माध्यम से अवैध कब्जा बढ़ता रहा है। इन ठेले गुमटियों के कारण यह मार्ग अब संकरा हो चुका है, जिसकी वजह से यहां हर वक्त दुर्घटना घटित होने की संभावना बनी रहती है।

यहां स्थिति यह है कि सड़क से महज एक से दो फीट की दूरी पर ही दुकान लगे हैं। सड़क किनारे अवैध रूप से कब्जा करते हुए इन दुकानों को लगाया गया है। मेडिकल कॉलेज के आसपास भोजन व नाश्ते आदि की सुविधा नहीं होने के कारण यहां आने वाले मरीज के परिजनों की भीड़ नजर आ जाती है। गौरतलब है कि मेडिकल कालेज अस्पताल शुरू होने के बाद यहां लोगों का आवागमन बढ़ा है। वहीं अतिक्रमण किए हुए दुकानों की संख्या भी बढ़ी है। किंतु इस अतिक्रमण के कारण मेडिकल कॉलेज के करीब 100 मीटर का एरिया काफी संकरा हो गया है, जिसकी वजह से यहां से गुजरने वालों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसकी मुख्य वजह यह है कि यहां लगाए गए दुकान सड़कों के काफी किनारे हैं।



**शाम को होता है अंधेरा:** शाम होते ही इस मार्ग में अंधेरा छा जाता है। क्योंकि शहर से जुडे होने के बाद भी मेडिकल कालेज रोड में लाइट की बेहतर व्यवस्था नहीं है। जिसकी वजह से यह असामाजिक तत्वों का अड्डा भी बना हुआ है। ऐसे में नाईट शिफ्ट करने वाली महिला कर्मचारियों की समस्या बढ़ जा रही है। मेडिकल कॉलेज के ठीक सामने ही निगम की खस्ताहाल दुकाने हैं, जिनमें जो इन असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। इसकी कई बार शिकायत भी दर्ज कराई गई है, लेकिन जब पुलिस की पेट्रोलिंग टीम आती है तो सड़क से हट जाते हैं और उनके जाते ही फिर सड़क किनारे महफिल जम जाती हैं।

### अतिक्रमण पर नहीं होती कार्रवाई

उल्लेखनीय है कि एकताल रोड पर स्थित मेडिकल कालेज अस्पताल विगत दो साल से संचालित हो रहा है। वहीं एमसीएच भी संचालित है। दोनों अस्पताल में हर दिन करीब 400.500 लोग पहुंचते हैं। इसमें कुछ मरीजों की भर्ती होती है तो कुछ ओपीडी जांच कराकर लौट जाते हैं। ऐसे में यहां हो रही चहल पहल को देखते हुए इस मार्ग पर लगातार फुटपाथ व्यवसायी सड़क किनारे अवैध कब्जा जमा कर व्यवसाय कर रहे हैं। विगत छह माह से इस मार्ग के किनारे अवैध कब्जा काफी बढ़ गया है। अब स्थिति ऐसी हो गई है कि अभी तक सड़क को छोड़कर दुकान लगाते थे, लेकिन अब फुटपाथ व्यवसासियों ने अपने सामान को सड़क तक फैलाना शुरू कर दिया है। वहीं दूसरी ओर इस बात की जानकारी होने के बाद भी इस अतिक्रमण पर अब तक कार्रवाई नहीं हो सकी है।



## कनकबीरा, गोबरसिंघा, सुखापाली में जागरुकता मतदाता कार्यक्रम

**सारंगढ़।** लोक सभा निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू के निर्देश पर मतदाता जागरूकता स्वीप नोडल अधिकारी एवं परियोजना निदेशक पंचायत हरिशंकर चौहान के मार्गदर्शन में समाज कल्याण विभाग और पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जिले में सियान दिव्यांग मतदाता जागरूकता चलाया जा रहा है।

समाज कल्याण विभाग अधिकारी विनय तिवारी एवं सीईओ जनपद पंचायत बरमकेला प्रज्ञा यादव के नेतृत्व में बरमकेला जनपद के ग्राम पंचायत गोबरसिंघा और सुखापाली में वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनो के लिए स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम किया गया। समाज कल्याण विभाग अधिकारी विनय तिवारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सारंगढ़ संजू पटेल के नेतृत्व में सारंगढ़ जनपद के ग्राम पंचायत कनकबीरा में सियान और दिव्यांग मतदाता के लिए स्वीप मानव श्रृंखला बना कर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इन सभी कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठजन और दिव्यांग मतदाताओं का सम्मान किया गया। उपस्थित मतदाताओं को आगामी लोकसभा चुनाव में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए जा रहे सुविधाओं जैसे दिव्यांग और वृद्ध मतदाताओ के लिए विशेष रुप से मतदान केंद्र में रैंप, व्हीलचेयर, पेयजल, छाया, शौचालय आदि के बारे में जानकारी दिया गया।

## तुमीडीह में संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का रसपान कर रहे क्षेत्रवासी

हरिभूमि न्यूज ⏭ तमनार

किसी भी समाज में संस्कृति सभ्यता को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए विभिन्न परंपराओं को आत्मसात करने की परंपरा रही है जिसके लिए विविध धार्मिक अनुष्ठान, रामायण, भागवत, भजन कीर्तन हवन पूजन आदि कराए जाते रहे हैं।

मां बंजारी धाम केलो बनांचल औद्योगिक क्षेत्र के समीपस्थ ग्राम तुमीडीह में संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन 30 मार्च से 7 अप्रेल तक स्व. प्रदीप कुमार भोय के स्मृति में माँ बंजारी देवी कृपा पात्र पं. किशोर पाणिग्राही महाराज ज्योतिषाचार्य गोल्ड मेडलिस्ट व्यासपीठ में विराजमान होकर कथा का रसपान करा रहे हैं, सैकड़ो श्रद्धालु भक्तजनो ज्ञान, कर्म, भक्ति की पवित्र त्रिवेणी में डुबकी लगा रहे हैं। वही भजन सम्राट पं संजय शर्मा द्वारा हिंदी ओड़िया धार्मिक भजनो की प्रस्तुति से सैकड़ो बाल गोपाल नर नारी नाचते गाते गदगद हो रहे हैं। कलश यात्रा में सैकड़ो माता बहनो ने शामिल हुए पं. किशोर महाराज भागवत कथा महात्मय, महाभारत कथा, परिक्षीत जन्म कथा, सती चरित्र, ध्रुव चरित्र, प्रहलाद चरित्र, वामन अवतार, श्रीराम कथा श्री कृष्ण जन्म, बाल लीला, माखन चोरी, गोवर्धन पुजा, 5 अप्रेल को



मथुरा मंगल, रुकमणी विवाह गोपी प्रेम प्रसंग को सुनाए। उन्होंने कहाकि विवाहित महिलाएं अपने पति के लिए श्रृंगार करें अपने पतिदेव को सुंदरता दिखावें माथे सिंदूर हाथ मे चूड़ी हो, पतिदेव देश प्रदेश गए हो तो उनका तस्वीर रखकर पूजन करें। 7 अप्रेल रविवार को तुलसी वर्षा पूर्णाहुति एवं भंडारा में आयोजक कस्तुरी .द्वारिका भोय परिवार समस्त ग्रामवासी तुमीडीह द्वारा शामिल होकर पुण्य की भागीदार बनने आग्रह किया गया है। शुक्रवार को कथा में भागवत कथा वाचक पं टीकम प्रसाद महाराज माँ बंजारी मन्दिर के सदस्य घनश्याम मालाकार, पंचराम मालाकार, तरुणीसेन मालाकार, पितरु मालाकार, श्याम मालाकार, दुलेन्द्र पटेल मुन्ना, बिहारी बलेचा, उमेश मालाकार सहित अन्य भक्तजनो ने व्यासपीठ में माथा टेककर भागवत आचार्य से आशीर्वाद लिया।

### गर्मियों में ठंडा व विषाक्त भोजन करने से बचे : सीएमएचओ

**सारंगढ़।** जिले में पिछले दिनों हुए दशगात्र कार्यक्रम में परोसे गए विषाक्त भोज के मद्देनजर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अवधेश पाणिग्राही ने भीषण गर्मी एवं गर्मी से भोज्य पदार्थों पर पड़ने वाली प्रभाव को ध्यान में रखते हुए अपील जारी करते हुए कहा कि बहुत देर तक पके हुए जो कि ठंडा या विषाक्त हो चुका है। ऐसे नाश्ता या भोजन को नहीं खाएं। पके हुए भोज्य पदार्थ बहुत ही जल्दी खराब होकर नमीदार हो जाती है, जो जीवाणुओं के पनपने हेतु अनुकूल वातावरण निर्मित करते हैं। ऐसे भोजन के सेवन से आहार विषाक्तता एवं आमाशयिक आंत्र शोध गैस्ट्रोएंटायटिस होने की प्रबल संभावना रहती है। आहार विषाक्तता एवं आमाशयिक अंतर शोध होने से लोगों में तीव्र उल्टी एवं दस्त के लक्षण प्रकट होती है, जिससे शरीर में तेजी से शारीरिक इलेक्ट्रोलाइट व माइक्रोन्यूट्रीएंट की कमी हो जाती है। इस बीमारी से कई बार लोगों को हॉस्पिटलाइज भी करना पड़ता है। यह बीमारी संक्रमित व्यक्तियों के मल पर मक्खियों के बैठने पश्चात भोज्य पदार्थ एवं जल स्त्रोतों के संक्रमित होने से समुदाय में संक्रमण तेजी से फैलता है।

## प्रदूषण जांच के नाम पर कर रहे उगाही, राहगीरों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

प्रदूषण जांच के नाम पर चार पहिया वाहनों से लेकर दो पहिया छोटे वाहनों को भी सुनी सड़कों में आवागमन बाधित करने का काम करने वाले पता नहीं असली हैं या नकली, जिला पर्यावरण संरक्षण मण्डल अथवा जिला प्रशासन द्वारा अधिकृत हैं कि नहीं, स्टीकर बेच कर वाहन चालकों से पैसा वसूल कर रहे हैं इस संबंध में पिछले कई वर्षो से छोटे बडे सडकों में इन्हें देखा गया।

एक गैर सरकारी वाहन सवार में कुछ लोग ऐसे ही पुसौर तहसील के विभिन्न पहुंच मार्ग एवं मुख्य मार्ग में इन दिनों पुनः देखा गया। लिहाजा लोगों में संशय की स्थिति बनी हुई है। गौरतलब है कि आचार संहिता के मद्देनजर पुलिस विभाग द्वारा किसी भी तरह के अवैध परिवहन पर अंकुश लगाने कार्रवाई कर रही है वहीं जब भी पुलिस विभाग इस तरह की जांच की कार्रवाई करती है चौक चौराहे और बेरियर में ही करती



है जबकि ये प्रदूषण के नाम पर कथित संदिग्ध कार्रवाई विरान सडकों पर करते हुए देखी गई है। इसमें प्रदूषण जांच की कार्रवाई में संलिप्त गुर्गे सीधे बाईक के हैंडिल को पकड़ने की कोशिश करते हैं और कभी कभी सीधे खडे हो जाते हैं मानों ये राहजनी कर रहे हो ऐसे स्थिति में लोग डर कर इन्हें ये जो राशि मांग करते हैं दे देते हैं।

उल्लेखनीय है कि घर परिवार के साथ आते जाते राहगीर प्रदूषण जांच के नाम पर हो चिकचिक से बचने इन्हें मुहमांगी रकम देकर अपनी मंजिल की बढना बेहतर समझते हैं लिहाजा इस अवैध अथवा संदिग्ध कार्रवाई से निजात दिलाना स्थानीय प्रशासन की जबाबदारी है। ज्ञात हो कि इस संबंध में प्रशासन के पास कोई सूचना अथवा जानकारी नहीं है बेखोफ चल रहे अवैध वसूली के इस प्रदूषण जांच के बारे में स्थानीय प्रशासन को कोई जानकारी नहीं है। इस संबध में परिवहन अधिकारी आर के वर्मन से पुछे जाने पर उन्होंने भी ऐसे किसी प्रदूषण जांच के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। ऐसे में अभिव्यक्त संदेह की पुष्टि स्वयं हो जाती है।

### अवैध खनन में संलिप्त पांच वाहन जब्त, खनिज विभाग ने की कार्रवाई



**सारंगढ़।** रायगढ़ माइनिंग विभाग की फिर एक बड़ी कार्रवाई देखने को मिली है, जहां खनिज इंस्पेक्टर द्वारा अवैध रूप से हो रहे खनन पर कार्यवाही किया गया है। अवैध रूप से संचालित हो रहे पांच गाडियों पर कार्रवाई की गई है और साथ ही साथ रायगढ़ सहदेवपाली क्षेत्र में हो रहा अवैध उत्खनन को भी माइनिंग विभाग ने जब्त किया है। खनिज विभाग द्वारा वाहन क्रमांक सीजी 14 एमएफ 3521 जो अवैध रूप से कोयला का परिवहन कर रहा था, सीजी 13 एएच 6024, सीजी 14 एमपी 8284, सीजी 12 डी यू 8568, सीजी 13, एल 5032, सीजी 13, जी 1790 और एक सोल्ड जेसीबी मशीन, सीजी 13, आर 7657, सीजी 11, जे 7955, सीजी 13 एल 9693 जो रायगढ़ सहदेवपाली क्षेत्र में जैसे ही खनिज अधिकारी का निर्देश खनिज इंस्पेक्टर को मिला तो उन्होंने रायगढ़ से रायगढ़ सहदेवपाली के लिए निकल पड़े। वहाँ जाकर देखा तो अवैध रूप से एक सोल्ड जेसीबी मशीन अवैध मुरुम खनन कार्य में चल रहा था और उसमें तीन हाईवा भी चल रहे थे। इस संबंध में खनिज अधिकारी द्वारा ठेकेदार को कागजात की मांग किया गया तो कागजात प्रस्तुत नहीं कर पाए।



### कार में परिवहन हो रहे रेडीमेड कपड़े जब्त

**रायगढ़।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर प्रभावी आचार संहिता का पालन करने सभी थाना क्षेत्र में उड़नदस्ता व स्थैतिक निगरानी दल सक्रिय होकर विभिन्न मार्गो में वाहनों की जांच की जा रही है। इसी क्रम में 4 अप्रैल को भूपदेवपुर क्षेत्र में सक्रिय उड़नदस्ता दल द्वारा सुबह ग्राम नहरपाली मोनेट कंपनी के पास वाहनों की जांच की जा रही थी। इसी दौरान ओमनी वाहन सीजी 13 यूबी 6764 में काफी संख्या में साड़ी, जींस, रेडीमेड कपड़े वगैरह परिवहन होते पाया गया। वाहन चालक यदुनाथ साहू पिता छोटेलाल साहू उम्र 44 साल निवासी लोढाझर थाना भूपदेवपुर जिला रायगढ़ को परिवहन सामान के संबंध में बिल पेश करने कहा गया जिसके पास परिवहन संपत्ति का बिल नहीं था। अनावेदक यदुनाथ नाथ साहू द्वारा आचार संहिता का उल्लंघन करना पाए जाने पर थाना प्रभारी भूपदेवपुर निरीक्षक रामकिंकर यादव द्वारा धारा 102 सीआरपीसी के तहत कार्रवाई कर अनावेदक से करीब 1,50 हजार रुपए संपत्ति, साड़ी, रेडीमेड कपड़े की जब्ती की गई है।

### ग्रामीण पडिगांव में चलित थाने का आयोजन, ग्रामीणों को किया जागरुक



**रायगढ़।** थाना प्रभारी तमनार निरीक्षक आशीर्वाद राहटगांवकर द्वारा समय समय पर थानाक्षेत्र के गांवों में चलित थाना, पुलिस जन चौपाल जैसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में कल 04 अप्रैल को थाना प्रभारी के नेतृत्व में तमनार पुलिस टीम द्वारा ग्राम पडिगांव में चलित थाना लगाया गया। निरीक्षक आशीर्वाद राहटगांवकर ने रहवासियों से क्षेत्र की समस्याएं की जानकारी लेकर गांव के झगडेलू एवं अवैधानिक गतिविधियों में संलिप्त लोगों की जानकारी ली गई। थाना प्रभारी ने आपस में मिल जुलकर रहने और झगड़ा विवाद से दूर रहने की ग्रामीणों को समझाइश दिया गया तथा ग्रामीणों को नशा मुक्ति के लिये प्रेरित किये। चलित थाना में उपस्थित महिलाओं को थाना प्रभारी द्वारा ऑनलाइन फ्राड से सचेत करते हुए बताए कि लोग अंजान कॉल से सबसे अधिक ठगे जा रहे हैं। अज्ञात व्यक्तियों के कॉल पर निजी जानकारी विशेष कर बैंक के डिटेल की जानकारी बिल्कुल ना दें। अंजान कॉल से आए लुभावन स्कीम या डराने धमकाने बातों पर विश्वास ना करें, पुलिस को सूचना दें। जागरूक रहकर फ्राड से बचा जा सकता है।

## पेज 1 का शेष

### कांग्रेस डूबता हुआ ...

में शामिल हो रहे हैं, क्योंकि कांग्रेस पार्टी में कार्यकर्ताओं की कोई इज्जत नहीं है। उन्होंने राजनांदगांव के कांग्रेस नेता सुरेंद्र दाऊ वैष्णव का जिक्र करते हुए कहा कैसे एक भरी सभा में भूपेश बघेल की उपस्थिति में सुरेंद्र दाऊ ने कहा कि मैं तीन बार जिला पंचायत सदस्य रहा लेकिन आपने एक बार भी मिलने का समय नहीं दिया, कांग्रेस पार्टी में कार्यकर्ताओं की कोई इज्जत नहीं है, लेकिन हमारी पार्टी, भाजपा में कार्यकर्ता ही चुनाव लड़ते हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि रायगढ़ लोकसभा से हमने राधे श्याम राठिया को अपना प्रत्याशी बनाया है। कार्यक्रम को रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र की संयोज1क विधायक गोमती साय ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की 10 साल और प्रदेश सरकार के 4 माह के कार्यकाल के बूते भाजपा मतदाताओं के बीच पहुंची है। कार्यकर्ताओं को जोश बता रहा है कि हम जिले में एक नया इतिहास रचने वाले हैं। लोकसभा सह संयोजक विजय अग्रवाल ने कहा कि भाजपा जो कहती है, वह करके दिखाती है। इसलिए हम घोषणा पत्र नहीं, गारंटी कार्ड जारी करते हैं। प्रदेश सरकार ने 4 माह के छोटे से कार्यकाल में विधानसभा चुनाव के दौरान दिये गए मोदी की गांरटी में 60 प्रतिशत से अधिक वायदों को पूरा कर दिखाया है। बिलासपुर संभाग क्लस्टर सह प्रभारी कृष्ण कुमार राय ने कहा कि हमारा कर्तव्य है कि हम हमारे जिले से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के हाथों को मजबूत करते हुए लोकसभा प्रत्याशी को भारी मतों से विजयी बनाएं। कार्यक्रम को लोकसभा प्रभारी प्रबोध मिंज, प्रदेश मंत्री प्रबल प्रताप सिंह, जशपुर विधायक रायमुनी भगत, भाजयुमो अध्यक्ष शौर्यप्रताप सिंह, डीडीसी ममता कश्यप ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला पंचायत उपाध्यक्ष उपेन्द्र यादव ने किया। कार्यक्रम में बिलासपुर संभाग क्लस्टर के सह प्रभारी कृष्ण कुमार राय, रायगढ़ लोकसभा प्रभारी प्रबोध मिंज, लोकसभा संयोजक गोमती साय, प्रदेश मंत्री प्रबल प्रताप सिंह, श्रीमती कौशल्या साय, लोकसभा सह संयोजक एवं पूर्व विधायक विजय अग्रवाल, लोकसभा प्रत्याशी राधेश्याम राठिया, पूर्व विधायक भरत साय, जिला प्रभारी रामकिशुन सिंह, जिलाध्यक्ष सुनिल गुप्ता, जिला महामंत्री भरत सिंह, विधानसभा प्रभारी राजकुमार अग्रवाल, उपेन्द्र यादव, शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, विजय आदित्य सिंह जूदेव, कैलाश गुप्ता, सुनिल अग्रवाल,रजनी प्रधान, ममता कश्यप, अनिता सिंह, उमा देवी, सुनीति भोई, श्रीनायक मिश्रा, संतोष सहाय, कपिल सिंह, कपिल देव साय, ओमप्रकाश साय, सत्येन्द्र सिंह, शिवकुमार बंग, विष्णु गुप्ता, राजू गुप्ता, अमन शर्मा, राजकुमार गुप्ता, दिनेश गुप्ता, गोपाल कश्यप सहित बडी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### विस स्तरीय कार्यकर्ता ...

मंत्री प्रबल प्रताप सिंह, कृष्णा राय, जिला अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, पूर्व विधायक शिवशंकर साय पैंकरा, जिपं सदस्य सालिक साय , जिला उपाध्यक्ष सुनील अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष अनिल मित्तल, ग्रामीण मंडल प्रभारी हरजीत सिंह भाटिया, डॉ.बीएल भगत शामिल हुए। सीएम विष्णु दे० साय ने कहा कि मैं पत्थलगांव से विधायक का चुनाव लड़ा हूं। लेकिन आज दिख रहा है कि यह कार्यकर्ता सम्मेलन नहीं आमसभा है। क्योंकि आप लोगों की संख्या देखकर लग रहा है कि इस चुनाव में नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है।

### विद्युत खम्बे को ...

यादव की बताई जा रही है। विद्युत पोल गिर जाने से क्षेत्र की बिजली लगभग 5 घण्टे गुल हो गई। जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पडा। विद्युत विभाग के एई नंदलाल भारद्वाज ने कहा कि घटना स्थल पर जेई को भेजकर क्षतिग्रस्त पोल का आंकलन किया जाएगा और उसके भरपाई के लिए घटनाकारित वाहन मालिक से वसूल किया जाएगा।

